# प्रीलिम्स फैक्ट्स : 23 जून, 2018

विश्व का पहला मानवतावादी फोरेंसिक केंद्र
(World's First Humanist Forensic Center)

हाल ही में गुजरात के गांधीनगर में विश्व का पहला अंतर्राष्ट्रीय मानवतावादी फोरेंसिक केंद्र शुरू किया गया। यह भारत, भूटान, नेपाल, मालदीव और गुजरात फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी में रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के क्षेत्रीय प्रतिनिधिमंडल का एक संयुक्त उद्यम है।

- यह एक उत्कृष्टता केंद्र है जो मानवतावादी सेवाओं के लिये फोरेंसिक का उपयोग करेगा। इसका मुख्य उद्देश्य आवश्यकता पड़ने पर देश और दुनिया की सेवा करना है।
- गुजरात फोरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी, मानवतावादी फोरेंसिक में स्नातकोत्तर और स्नातकोत्तर डिप्लोमा के दो अलग-अलग पाठ्यक्रम चलाएगी।

मुख्य बिंदु

- यह केंद्र रेड क्रॉस द्वारा किये जाने वाले कार्यों में सहायता प्रदान करेगा।
- यह न केवल आपदाओं अथवा आपातकाल के दौरान मृतकों के प्रबंधन के लिये कार्य करेगा बल्कि उनकी पहचान इत्यादि में भी सहायक की भूमिका का निर्वाह करेगा।
- यह वैश्विक स्तरीय उच्च गुणवत्ता और टिकाऊ क्षमता निर्माण, अनुसंधान और अभिनव परियोजनाओं के लिये एशिया में उत्कृष्टता वन-स्टॉप सेंटर के रूप में कार्य करेगा।

CEMS करेगा मुंबई और वीजैग में 24 प्रयोगशालाओं की स्थापना

मेरीटाइम और जहाज़ निर्माण क्षेत्र के कौशल विकास, स्टार्टअप मेरीटाइम और जहाज़ निर्माण उत्कृष्टता केंद्र (Centre of Excellence in Maritime & Shipbuilding -CEMS) द्वारा 24 प्रयोगशालाएँ स्थापित करने की घोषणा की गई है। इनमें से 6 प्रयोगशालाएँ मुंबई में तथा 18 प्रयोगशालाएँ विजैग में स्थापित की जाएंगी।

- CEMS ने शुरू किये जाने वाले पाठ्यक्रमों की सूची भी साझा की। स्थापित की जाने वाली प्रयोगशालाओं में प्रोडेक्ट डिजाइन एंड वैलीडेशन, एडवांस मैन्युफैक्चरिंग, हल डिज़ाइन, ऑटोमेशन, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, वर्चुअल रियलिटी, एडवांस मशीन और रोबोटिक्स इलेक्ट्रिकल पाठ्यक्रम शामिल हैं।
- CEMS ने 24 प्रयोगशालाओं के साथ एशिया प्रशांत में अपने किस्म की पहली अवसंरचना स्थापित की है।
- मुंबई और विजैग में इन प्रयोगशालाओं की स्थापना के साथ ही CEMS विश्व स्तरीय संरचना से विभिन्न पाठ्यक्रमों के ज़रिये मेरीटाइम और जहाज़ निर्माण के क्षेत्र में सक्षमता प्राप्त करेगा।
- जहाज़रानी के भारतीय रजिस्टर (Indian Registar of Shipping) द्वारा संवर्धित सीमेंस (Siemens) के साथ साझेदारी में और शिपिंग मंत्रालय के सागरमाला के समर्थन से CEMS जहाज़ निर्माण/मरम्मत तथा अन्य सहायक क्षेत्रों में आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग प्रौद्योगिकी द्वारा कौशल विकास के ज़रिये मेरीटाइम और जहाज़ निर्माण में सक्षम बनेगा।
- CEMS इस उद्योग के लिये प्रासंगिक कौशल विकास कार्यक्रम चलाएगा और शिप हल डिज़ाइन (Ship Hull Design), विस्तृत डिज़ाइन, जहाज़ निर्माण और रखरखाव, मरम्मत एवं ओवरहॉल (Maintenance, Repair & Overhaul - MRO) तथा उत्पाद जीवनचक्र प्रबंधन (Product Lifecycle Management - PLM) के क्षेत्र में विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग और तकनीकी रूप से कौशल संपन्न बनाएगा।

बेस्ट परफॉर्मिंग सोशल सेक्टर मिनिस्ट्री’ स्कोच अवार्ड

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा किये गए कार्यों और महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों तथा पहलों की प्रशंसा करते हुए SKOCH ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को ‘बेस्ट परफॉर्मिंग सोशल सेक्टर मिनिस्ट्री’ अवार्ड से सम्मानित किया है।

- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', छह माह का मातृत्व अवकाश, कार्य-स्थल पर यौन शोषण कानून, शी-बॉक्स, वन स्टॉप सेंटर्स, सर्वव्यापी महिला हेल्पलाइन (181), पुलिस भर्ती में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण जैसी उपलब्धियाँ हासिल की गई हैं।
- हाल ही में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के आग्रह पर गृह मंत्रालय द्वारा महिलाओं से संबंधित मुद्दों के समाधान हेतु एक विशेष विभाग का गठन किया गया है।
- यौन शोषण के मामले में दोषियों की धर-पकड़ में फोरेंसिक विश्लेषण को महत्त्व प्रदान करते हुए मंत्रालय द्वारा जून महीने की शुरुआत में चंडीगढ़ में सखी सुरक्षा उन्नत डीएनए फोरेंसिक प्रयोगशाला की आधारशिला रखी गई है और गुवाहाटी, कोलकाता, हैदराबाद, पुणे तथा भोपाल में पाँच और उन्नत फोरेंसिक प्रयोगशालाएँ बनाए जाने की योजना को भी अंतिम रूप दिया गया है।
- इसके अतिरिक्त मंत्रालय की आगामी योजनाओं में देश के सभी थानों और अस्पतालों को बलात्कार संबंधी मामलों के लिये विशेष फोरेंसिक किट उपलब्ध कराया जाना शामिल है। इस कार्य के लिये निर्भया फंड से राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

एनीड ब्लीटन पात्रों के नाम पर नई मकड़ी प्रजातियाँ
(New spider species named after Enid Blyton characters)

हाल ही में श्रीलंका के जंगलों में खोजी गई मिनिट गोब्लिन (minute goblin spiders) मकड़ियों की छह नई प्रजातियों का नाम लेखक एनीड ब्लीटन (Enid Blyton) द्वारा वर्णित काल्पनिक पात्रों के नाम पर रखा गया है।

- 'द गोब्लिन लुकिंग-ग्लास' (1947), 'बिलीज़ लिटिल बोट्स' (1971) और 'द फायरवर्क गोब्लिन' (1971) के काल्पनिक किरदारों से प्रभावित होकर इन नई प्रजातियों को गोबलिन बोम (goblins Cavisternum Bom), स्नूकी (Pelicinus Snooky) और टम्पी (Pelicinus Tumpy) तथा ब्राउनीज़ चिप्पी (brownies Ischnothyreus Chippy), स्निप्पी (Silhouettella Snippy) एवं टिग्गी (Silhouettella Tiggy) नाम दिये गए हैं।
- श्रीलंका के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल स्टडीज़ (National Institute of Fundamental Studies) के वैज्ञानिक सुरेश पी बेंजामिन और ससंक रणसिंघे ने नई छठी पीढ़ी में नौ गोब्लिन मकड़ी प्रजातियों का वर्णन किया है।
- 13 पीढ़ियों में शामिल 45 प्रजातियों के साथ श्रीलंका में गोब्लिन स्पाइडर प्रजाति न केवल पहले से ही प्रचुर मात्रा में पाई जाती है, बल्कि अपनी चरम स्थानिकता के साथ विस्मित भी करती है। जबकि 'इवोल्यूशनरी सिस्टिमैटिक्स' (Evolutionary Systematics) में वर्णित छः आँखों वाली गोबलिन्स को केवल कुछ क्षेत्र विशेष में ही पाया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-23-06-2018